# 10- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं समस्त उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दीपावली के अवसर पर अनाथ/बेसहारा बच्चों एवं वृद्धाश्रम में रहने वाले बड़े बुजुर्गों के साथ दीपावली मनायी गयी






श्री जावीद अहमद, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 27-10-2016 को अपने परिपत्र के माध्यम से निर्देश दिये गये थे कि दिनांक 29-10-2016 को सायंकाल 6.00 बजे से 7.00 बजे के मध्य थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, जोनल पुलिस महानिरीक्षक

अपने-अपने क्षेत्राधिकार में गरीब बेसहारा बच्चों, बुर्जुगों को अनाथालय में जाकर मिठाई, पटाखे इत्यादि लेकर दीपावली की शुभ कामनाएं दी जायें एवं उनके बीच कुछ समय व्यतीत करें।

इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 29-10-2016 को सायंकाल पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं श्री ए0सतीश गणेश पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन द्वारा लखनऊ के थाना गुडम्बा क्षेत्रान्तर्गत आदिलनगर स्थित गायत्री परिवार ट्रस्ट के 'समर्पण वरिष्ठ जन परिसर' में पहुचें जहाँ वरिष्ठ जन परिसर के ट्रस्टी मेजर कुमार खरे, श्री आर0एस0 राठौर, इंजीनियर श्री एस0के0 त्रिवेदी द्वारा उनका स्वागत किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा वरिष्ठ जन परिसर में बुर्जुगों को मिठाईयाँ, सजावटी पटाखे एवं उपयोगी किताबें भेंट की गयी। समर्पण एक सुसज्जित आधुनिक वरिष्ठ जन परिसर (Old Age Home) है जिसका निर्माण नगर निगम लखनऊ द्वारा 22 अगस्त 2005 में कराया गया था ।

वरिष्ठ जन परिसर में रहने वाली राकेश कुमारी एवं श्रीमती शकुंतला द्वारा सेना के जवानों को समर्पित करते हुए जोशीली कविता सुनायी गयी । पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी वरिष्ठजनों के साथ फुलझड़ी एवं अनार जलाये एवं सभी को शुभकामनाएं दी गयीं तथा वरिष्ठ जन परिसर के विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी अंकित की गयी ।

पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पूरे प्रदेश के समस्त थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जोनल पुलिस महानिरीक्षकों द्वारा प्रदेश में हजारों स्थानों पर अनाथालय एवं गरीब/बेसहारा बच्चों तथा बुर्जुगों को मिठाई, पटाखे आदि देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी एवं उनके साथ समय व्यतीत किया गया।